संख्या:40/2019/115/35-4-2019

प्रेषक ,

आर0एन0एस0यादव
विशेष सचिव
उत्तर प्रदेश शासन

सेवा में,

जिलाधिकारी,
पीलीभीत।

नियोजन अनुभाग-4 लखनऊ दिनांक: 15 जनवरी,2019

विषय: मा0 मुख्यमंत्री जी की घोषणा के क्रम में वित्तीय वर्ष 2018-19 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत प्रत्येक विधान सभा क्षेत्रों में रू.5.00 करोड़ के कार्यों हेतु धनराशि की स्वीकृति ।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जनपद पीलीभीत की विधान सभा- पूरनपुर, पीलीभीत एवं बरखेड़ा से संबंधित कार्यो हेतु रू. 1493.50 लाख (जिसमें अधिष्ठान व्यय एवं 01 प्रतिशत लेबर सेस की धनराशि सम्मिलित है) की लागत पर प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए रू. 1493.50 लाख (रूपये चौदह करोड़ तिरान्बे लाख पचास हजार मात्र), की धनराशि आपके निवर्तन पर रखे जाने की निम्नलिखित विवरण तथा शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं। इन कार्यो के लिये कार्यदायी संस्था ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग होगी:-

(लाख रू. में)

	वि0स0 क्षेत्र का नाम	**कार्य का नाम**	**लम्बाई (किमी)**	**लागत**	**अवमुक्त धनराशि**
1	पूरनपुर	ग्राम दिलावरपुर में रोड से प्रेमपाल वर्मा के घर तक सी0सी0 रोड़ का निर्माण	0.105	8.996	8.996
2	पूरनपुर	ग्राम रायटाण्डा मार्ग से बलरामपुर वीरेन्द्र के घर तक सी0सी0 रोड़ का निर्माण	0.330	29.228	29.228
3	पूरनपुर	ग्राम सिरसा में रोड से शेर सिंह के घर तक सी0सी0 रोड़ का निर्माण	0.300	25.937	25.937
4	पूरनपुर	ओड़झार मन्दिर से ग्राम जमुनियां तक डामर रोड़ का निर्माण कार्य	1.750	100.640	100.640
5	पूरनपुर	पूरनपुर कोतवाली रोड गुरूद्वारा के पास से घुंघचाई रोड तक सी0सी0 रोड़ का निर्माण	0.350	40.297	40.297
6	पूरनपुर	ग्राम चांट फिरोजपुर तेली वाली ब्रहमदेव स्थान तक सी0सी0 रोड़ का निर्माण	0.100	7.856	7.856
7	पूरनपुर	ग्राम रामपुर ता0 महाराजपुर में तेजबहादुर शर्मा के घर से पप्पू शर्मा के घर तक सी0सी0 रोड़ का निर्माण	0.100	8.575	8.575
8	पूरनपुर	ग्राम महुआ गुन्दे में गांव में दक्षिण दिशा (दिनेश शर्मा का खोखा) से उत्तर तक (प्रा0पा0) सी0सी0 रोड़ का निर्माण	0.230	24.008	24.008
9	पूरनपुर	लम्बौआ मन्दिर से ग्राम खाता तक डामर रोड़ का निर्माण	1.400	100.00	100.00
10	पूरनपुर	ग्राम कढ़ेरचौरा में श्रीकृष्ण वर्मा के घर से रामगोपाल के घर तक सी0सी0 रोड़ का निर्माण	0.350	32.958	32.958

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

	वि0स0 क्षेत्र का नाम	कार्य का नाम	लम्बाई (किमी)	लागत	अवमुक्त धनराशि
11	पूरनपुर	ग्राम टाण्डा गुलाबराय में पण्डित रमेश के घर से सन्तराम के सेलर के पास लिंक रोड तक सी0सी0 रोड़ का निर्माण	0.160	17.731	17.731
12	पूरनपुर	ग्राम मोहनपुर जब्ती में माधवराम के बाग से होली तक सी0सी0 रोड़ का निर्माण	0.150	14.350	14.350
13	पूरनपुर	मोहब्बतपुर मेन रोड से उदयवीर के मकान तक सी0सी0 मार्ग	0.180	13.980	13.980
14	पूरनपुर	ग्राम सोंधा में पूरब प्रधान कमले के घर से गया प्रसाद के घर तक वाया चमन के घर तक सी0सी0 रोड़ का निर्माण	0.100	10.082	10.082
15	पूरनपुर	ग्राम फततेपुर गदिहर ट्रांसफार्मर से अम्बेडकर पार्क चौराहा तक सी0सी0 रोड़ का निर्माण	0.200	19.060	19.060
16	पूरनपुर	ग्राम नवदिया दुर्जनपुर में प्रकाश के घर से आंगनबाडी केन्द्र तक सी0सी0 रोड़ का निर्माण	0.300	25.990	25.990
17	पूरनपुर	ग्राम वक्तापुर मेन रोड से ओमप्रकाश शुक्ला के घर तक सी0सी0 रोड़ का निर्माण	0.075	7.921	7.921
18	पूरनपुर	ग्राम खीरी नौबरामद में नहर की सड़क से गुरूद्वारा गेट तक सी0सी0 रोड़ का निर्माण	0.065	7.817	7.817
		योग वि0स0 क्षेत्र पुरनपुर	**6.245**	**495.426**	**495.426**
19	पीलीभीत	ग्राम कंजानाथ में ग्राम से शमशान भूमि तक सी0सी0 रोड़ का निर्माण	0.200	12.590	12.590
20	पीलीभीत	ग्राम बिन्दुआ में ग्राम से शमशान भूमि तक सी0सी0 रोड़ का निर्माण	0.270	17.900	17.900
21	पीलीभीत	ग्राम निजामडांडी में ग्राम से शमशान भूमि तक सी0सी0 रोड़ का निर्माण	0.300	17.990	17.990
22	पीलीभीत	ग्राम अजीत डाडी में ग्राम से शमशान भूमि तक सी0सी0 रोड़ का निर्माण	0.560	41.930	41.930
23	पीलीभीत	ग्राम गैनेरा में ग्राम से शमशान भूमि तक सी0सी0 रोड़ का निर्माण	0.550	40.710	40.710
24	पीलीभीत	ग्राम हण्डा में ग्राम से शमशान भूमि तक सी0सी0 रोड़ का निर्माण	0.900	66.750	66.750
25	पीलीभीत	ग्राम जहानावाद(मिलक) में ग्राम से शमशान भूमि तक सी0सी0 रोड़ का निर्माण	0.500	37.510	37.510
26	पीलीभीत	ग्राम मगरासा में ग्राम से शमशान भूमि तक सी0सी0 रोड़ का निर्माण	0.800	59.310	59.310
27	पीलीभीत	ग्राम खमरिया पुल ग्राम से शमशान भूमि तक सी0सी0 रोड़ का निर्माण	0.180	10.940	10.940
28	पीलीभीत	ग्राम रूपपुर कृपा में ग्राम से शमशान भूमि तक सी0सी0 रोड़ का निर्माण	0.120	8.550	8.550
29	पीलीभीत	ग्राम गुटैहा में ग्राम से शमशान भूमि तक सी0सी0 रोड़ का निर्माण	0.190	12.220	12.220
30	पीलीभीत	ग्राम कनाकोर में ग्राम से शमशान भूमि तक सी0सी0 रोड़ का निर्माण	0.080	9.820	9.820
31	पीलीभीत	ग्राम लालपुर में ग्राम से शमशान भूमि तक सी0सी0 रोड़ का निर्माण	0.225	17.000	17.000

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

	वि0स0 क्षेत्र का नाम	कार्य का नाम	लम्बाई (किमी)	लागत	अवमुक्त धनराशि
32	पीलीभीत	ग्राम दियोरनियां में ग्राम से शमशान भूमि तक सी0सी0 रोड़ का निर्माण	0.180	13.120	13.120
33	पीलीभीत	ग्राम सददरपुर में ग्राम से शमशान भूमि तक सी0सी0 रोड़ का निर्माण	0.150	11.020	11.020
34	पीलीभीत	ग्राम मुगला में खेड़ा ग्राम से शमशान भूमि तक सी0सी0 रोड़ का निर्माण	0.800	57.020	57.020
35	पीलीभीत	ग्राम करगैना पीरा में ग्राम से शमशान भूमि तक सी0सी0 रोड़ का निर्माण	0.030	2.610	2.610
36	पीलीभीत	ग्राम कल्याणपुर चक्रतीर्थ में ग्राम से शमशान भूमि तक सी0सी0 रोड़ का निर्माण	0.870	61.480	61.480
		योग वि0स0 क्षेत्र पीलीभीत	**6.905**	**498.47**	**498.47**
37	बरखेड़ा	ग्राम नगरा से ग्राम बड़ी अज़ारी तक कोलतार मार्ग	1.700	115.17	115.17
38	बरखेड़ा	ग्राम महुआ से राम नगरिया होते हुये माला रोड (रेलवे स्टेशन) तक डामर रोड़	3.010	126.37	126.37
39	बरखेड़ा	ग्राम सड़िया मुगलपुर में श्री तिलक राम की दुकान से प्रा0वि0 होते हुए मेन रोड तक डामर रोड़	0.505	28.83	28.83
40	बरखेड़ा	ग्राम सड़िया से सड़ा मन्दिर तक डामर रोड़	0.620	22.17	22.17
41	बरखेड़ा	ग्राम पंडरी से मानपुर तक डामर रोड़ का कार्य	2.330	139.40	139.40
42	बरखेड़ा	ग्राम गुप्ता कालोनी में श्री होरी पद के मकान से मन्दिर वाला चौराहा तक सी0सी0 रोड़ का निर्माण	0.210	20.97	20.97
43	बरखेड़ा	ग्राम बसन्तापुर में श्री टीकाराम के घर से नन्हेलाल के मकान सी0सी0 रोड़ का निर्माण	0.150	14.88	14.88
44	बरखेड़ा	ग्राम घेरा (रिछौला) में श्री सुन्दर लाल के घर से श्री भूपराम के घर तक सी0सी0 मार्ग का निर्माण	0.250	21.46	21.46
45	बरखेड़ा	ग्राम माला कालोनी में मेन रोड से श्री विनयकृष्ण बाला के मकान तक सी0सी0 मार्ग का निर्माण	0.110	10.35	10.35
		योग वि0स0 क्षेत्र बरखेड़ा	**8.885**	**499.61**	**499.61**
		योग जनपद पीलीभीत	**22.035**	**1493.50**	**1493.50**

1- स्वीकृत धनराशि का उपयोग उसी प्रयोजन के लिये किया जायेगा जिसके निमित्त स्वीकृत की गयी है तथा किसी अन्य प्रयोजन के लिए नहीं किया जायेगा एवं व्यय स्वीकृत धनराशि तक सीमित रखा जायेगा।

2- कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व यह सुनिश्चित किया जायेगा कि इस हेतु राज्य सरकार, केन्द्र सरकार अथवा किसी अन्य स्रोत से धनराशि स्वीकृत नहीं हुई है और न ही यह कार्य किसी अन्य परियोजना/योजना के अंतर्गत अनुमोदित कार्य योजना में सम्मिलित है।

3- मा0 मुख्यमंत्री जी की घोषणा से संबंधित उक्त कार्यों की भौतिक/वित्तीय प्रगति की समीक्षा लोक निर्माण विभाग द्वारा तैयार की गई वेबसाइट/आनलाइन वेब पोर्टल के माध्यम से की जायेगी। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग एवं ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग के मुख्यालय स्तर तथा क्षेत्रीय/जनपदीय अधिकारियों द्वारा वेबसाइट/आनलाइन वेब पोर्टल पर सुसंगत सूचनाओं को अंकित करते हुये नियमित रूप से प्रगति विवरण भरा जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

4- कार्यों का निर्माण, लागत आगणन में प्रस्तावित विशिष्टियों एवं कार्य प्राविधानों के अनुसार किया जायेगा। कार्यों के लागत आगणन में किसी भी प्रकार का कोई भी परिवर्तन जैसे नये कार्य बढ़ाना, कार्यों के आकार एवं मार्ग की लम्बाई में वृद्धि एवं अन्य उच्च विशिष्टियाँ इस्तेमाल करना इत्यादि अनुमन्य नहीं है।

5- निर्माण कार्य को प्रारम्भ करने के पूर्व स्थलीय निरीक्षण के उपरांत वित्तीय नियम संग्रह भाग-6 के अध्याय-12 के प्रस्तर-318 में वर्णित व्यवस्था के अनुसार विस्तृत आगणन तैयार करते हुए कार्यदायी संस्था द्वारा सक्षम स्तर की तकनीकी स्वीकृति अवश्य प्राप्त की जायेगी। विस्तृत आगणन यदि अनुमोदित मूल आगणन से उल्लेखनीय रूप से भिन्न (Significantly different) होते हैं, तो कार्य की वास्तविक लागत को शासन स्तर से अनुमोदित कराया जाना अपेक्षित होगा। इस प्रकार अनुमोदित विस्तृत आगणन की प्रति कार्य स्थल के विवरण इत्यादि सहित कार्यदायी संस्था द्वारा लोक निर्माण विभाग के माध्यम से नियोजन विभाग को उपलब्ध करायी जायेगी।

6- प्रश्नगत कार्यो के लिये नियमानुसार 01 प्रतिशत लेबर सेस की धनराशि इस शर्त के अधीन होगी कि उक्त धनराशि श्रम विभाग को भुगतान की जायेगी।

7- प्रश्नगत निर्माण कार्य/व्यय शासन द्वारा यथा संशोधित/स्वीकृत आगणन (प्रतिलिपि संलग्न) के अनुसार किये जायेंगे।

8- ई-टेण्डरिंग/ई-प्रोक्योरमेण्ट प्रणाली लागू किये जाने से सम्बन्धित शासनादेश संख्या-1067/78-2-2017-42आईटी/2017 दिनांक 12 मई, 2017 तथा शासनादेश संख्या–1107/78-2-2017-42आईटी/2017 दिनांक 12 मई, 2017 एवं तदविषयक शासनादेशों के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

9- स्वीकृति निर्गत होने की तिथि से एक सप्ताह के अन्दर जिलाधिकारी द्वारा निर्माण कार्य को प्रारम्भ कराने के लिए स्वीकृत आगणन के अनुसार उक्त कार्यों हेतु अधिकृत कार्यदायी संस्था को कार्यकारी आदेश प्रदान किया जायेगा तथा कार्यकारी आदेश के साथ स्वीकृत आगणन की एक प्रति संस्था को उपलब्ध करायी जायेगी।

10- स्वीकृति निर्गत होने की तिथि से एक सप्ताह के अन्दर अपेक्षित औपचारिकतायें पूर्ण कर जिलाधिकारी द्वारा कार्यों हेतु अवमुक्त की जा रही धनराशि नियमानुसार कोषागार से आहरण कर कार्यदायी संस्था को अवश्य उपलब्ध करा दी जायेगी।

11- परियोजनाओं के लिये स्वीकृत धनराशि ब्याज अर्जित करने के उद्देश्य से आहरित कर बैंक/डाकघर में नहीं रखी जायेगी। प्रश्नगत धनराशि आवश्यकतानुसार आहरित कर व्यय की जायेगी और तदनुसार कार्यदायी संस्था को धनराशि अवमुक्त की जायेगी।

12- स्वीकृत की जा रही धनराशि संबंधित जनपद के जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी द्वारा जिलाधिकारी की अनुमति से आहरित कर उपलब्ध करायी जायेगी।

13- स्वीकृत धनराशि का उपयोग प्रत्येक दशा में 31 मार्च,2019 तक पूर्ण रूपेण कर लिया जायेगा और यदि कोई धनराशि अप्रयुक्त बचती ह तो उसे 31 मार्च, 2019 से पूर्व समर्पित किया जायेगा । स्वीकृत धनराशि का पूरा लेखा-जोखा प्रमुख सचिव नियोजन अनुभाग-4 को 31 मार्च, 2019 तक प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

14- राजकोष से आहरित धनराशि का त्रमासिक आधार पर मिलान महालेखाकार उत्तर प्रदेश में अनुरक्षित लेखों से अनिवार्यतः कराया जायेगा तथा वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात 3 माह में अर्थात 30 जून,2019 तक स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष हुए व्यय का महालेखाकार द्वारा सत्यापित विवरण नियोजन विभाग को प्रेषित किया जायेगा ।

15- जिलाधिकारी द्वारा समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य भी सुनिश्चित कराया जायेगा और इसके लिए कार्यदायी संस्था से प्रभावी समन्वय किया जायेगा। कार्य को निर्धारित विशिष्टियों तथा मानकों के अनुरूप गुणवत्ता नियंत्रण सुनिश्चित करते हुए समयबद्ध ढंग से पूरा किया जायेगा। कार्य की गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर कार्यदायी संस्था उसके लिये उत्तरदायी होगी।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

16- कार्य में प्रयोग की जाने वाली सामग्री/उपकरणों का क्रय सुसंगत स्टोर परचेज नियमों तथा आदेशों के अंतर्गत किया जायेगा ।

17- यथावश्यक द्विरावृत्ति से बचने के लिए कार्य प्रारम्भ होने से पूर्व एवं कार्य समाप्ति के पश्चात वीडियोग्राफी भी करायी जाय।

18- अवमुक्त धनराशि का निर्धारित प्रारूप पर उपयोगिता प्रमाण-पत्र नियोजन विभाग को यथाशीघ्र उपलब्ध कराया जायेगा।

19- समस्त आवश्यक वैधानिक अनापत्तियों एवं पर्यावरणीय क्लियरेन्स नियमानुसार सक्षम स्तर से प्राप्त करके निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

20- त्वरित आर्थिक विकास योजना के मार्गदर्शी सिद्धान्तों से संबंधित शासनादेश संख्या-29/2018/1084/35-4-2018 दिनांक 24 सितम्बर,2018 तथा लोक निर्माण विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-10/2018-1092/23-02-2018 दिनांक 04 नवम्बर,2018 का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

21- कार्य स्थल पर त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत स्वीकृत होने के तथ्य के साथ-साथ लोक निर्माण विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-10/2018-1092/23-02-2018 दिनांक 04 नवम्बर,2018 के प्रस्तर-2 के बिन्दु संख्या-10 के अनुसार मुख्य विवरण शिला पट्टिका/बोर्ड के रूप में जन-साधारण की जानकारी हेतु प्रदर्शित किये जायेंगे।

22- मा0 मुख्यमंत्री जी की प्रश्नगत घोषणा से संबंधित कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग नोडल विभाग ह। अतः स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष व्यय/प्रगति सम्बंधी अपेक्षित विवरण उपलब्ध कराने का दायित्व प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग, उ0 प्र0, लखनऊ का होगा और उनके द्वारा स्वीकृत कार्यों की भौतिक/वित्तीय प्रगति का अनुश्रवण लोक निर्माण विभाग द्वारा तैयार की गई वेबसाइट/आनलाइन वेब पोर्टल आदि के माध्यम से किया जायेगा।

23- कार्य से सृजित होने वाली परिसम्पत्तियों का हस्तांतरण कार्यदायी संस्था द्वारा कार्य की समाप्ति के पश्चात सम्बंधित ग्रामीण/नगरीय निकाय को हस्तान्तरित की जायेगी। संबंधित निकाय द्वारा सृजित परिसम्पत्ति के रख-रखाव की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी। इस हेतु त्वरित आर्थिक विकास योजना से धनराशि अनुमन्य नहीं होगी।

2- उपर्युक्त कार्यों की मद पर होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2018-19 के आय व्ययक में अनुदान संख्या-40-लेखाशीर्षक-5054-सड़कों तथा सेतुओं पर पूंजीगत परिव्यय-04-जिला तथा अन्य सड़कें-337-सड़क निर्माण कार्य-03-त्वरित आर्थिक विकास योजना-0305-लोक निर्माण विभाग द्वारा कराये जाने वाले कार्य-24-वृहद निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2018/बी-1-375/दस-2018-231/2018 दिनांक 30 मार्च,2018 में प्रतिनिधानित अधिकारों के अनुक्रम में जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(आर0एन0एस0यादव)
विशेष सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया ह। अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही ह।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती ह।

संख्या:40/2019/115(1)/35-4-2019 तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) उत्तर प्रदेश, प्रयागराज(इलाहाबाद)।
2- महालेखाकार, लेखापरीक्षा, प्रथम एवं द्वितीय, प्रयागराज(इलाहाबाद)।
3- अपर मुख्य सचिव, वित्त एवं वित्त आयुक्त, उ0प्र0शासन।
4- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, लोक निर्माण विभाग/ग्रामीण अभियंत्रण विभाग।
5- प्रमुख सचिव/सचिव/विशेष सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0शासन।
6- प्रमुख सचिव, विधान सभा।
7- निजी सचिव, मा. मुख्यमंत्री जी।
8- मण्डलायुक्त, बरेली।
9- प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग/मुख्य अभिन्ता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग।
10- मुख्य विकास अधिकारी, पीलीभीत।
11- मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, पीलीभीत।
12- वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग- 5
13- जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, पीलीभीत।
14- अधिशासी अभियन्ता,लो0नि0वि0/ग्रामीण अभियंत्रण विभाग,पीलीभीत।
15- अनुसचिव,मुख्यमंत्री घोषणा-प्रकोष्ठ।
16- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(आर0एन0एस0यादव)
विशेष सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया ह अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही ह।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती ह।

http://shasanadesh.up.nic.in